धौलपुर पत्रिका

बाड़ी . बसेड़ी . राजाखेड़ा . मनियां . सरमथुरा . सैपऊ . बसई नवाब

कन्या महाविद्यालय में बीएससी में प्रवेश शुरू

धौलपुर. राजकीय कन्या महाविद्यालय धौलपुर में अब इसी सत्र से बी.एस.सी. की कक्षाएं शुरू होंगी। कॉलेज प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार सिंह एवं नोडल प्रभारी डॉ. देवेन्द्र सिंह परमार ने बताया कि बी.एस.सी. (विज्ञान एवं गणित) विषय में नवीन संकाय एवं कला स्नातक में नवीन उर्दू विषय राज्य सरकार की ओर से खोले जाने पर अब छात्राएं महाविद्यालय में नियमित रूप से अध्ययन के लिए प्रवेश ले सकेंगी। जिसका लाभ क्षेत्र की छात्राओं को मिलेगा। जिसमें शैक्षणिक सत्र 2022-23 में नियमित प्रवेश के लिए छात्राएं ई-मित्र के माध्यम से आयुक्तालय की ओर से निर्धारित अंतिम तिथि 25 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगी। अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। वहीं ओबीसी वर्ग का लाभ लेने के लिए जाति प्रमाण पत्र 3 वर्ष से अधिक पुराना मान्य नहीं होगा। पूर्व में जिन छात्राओं ने आवेदन कर दिया है।